# राष्ट्रीय प्रतिरक्षाविज्ञान संस्थान
# (जैव प्रौद्योगिकी विभाग का एक स्वायत्त अनुसंधान संस्थान)
# अरूणा आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली-110067

1.राष्ट्रीय प्रतिरक्षाविज्ञान संस्थान (रा.प्र.सं.) भारत सरकार, विज्ञान और प्रौद्योगि की मंत्रालय के जैवप्रौद्योगिकी विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में एक स्वायत्त अनुसंधान संस्थान है। यह संस्थान जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से सटे अरूणा आसफ अली मार्ग पर संस्थागत क्षेत्र में स्थित है।

2. रा.प्र.सं. में **प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबंध आधार पर जन-संपर्क अधिकारी (पीआरओ) का पद** 7वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स के लेवल-11 में (पूर्व संशोधित, 6वें सीपीसी के अनुसार वेतन बैंड -3 के ग्रेड वेतन 6600रू में) भरने हेतु किसी विषय में स्नातकोत्तर की उपाधि के साथ अंग्रेजी भाषा का अच्छा ज्ञान तथा विज्ञान लेखन एवं रिपोर्टिंग योग्यता रखने वाले युवा उर्जावान पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उम्मीदवार को संपर्क कार्य, वार्ता और समन्वय में दक्षता होनी चाहिए। विज्ञान पृष्ठभूमि वाले (विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री) और व्यावसायिक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

निजी क्षेत्र (प्राइवेट सेक्टर) के अनुभवी व्यक्ति को केवल 'अल्पकालिक अनुबंध' के तहत माना जाएगा।

**<u>प्रतिनियुक्ति द्वारा :-</u>** केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार, अर्ध-सरकारी संगठन, विश्वविद्यालय, अनुसंधान संस्थानों, स्वायत्त निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम के अधिकारी, वेतनमान के अनुसार समतुल्य पद धारित है या 7वें सीपीसी के अनुसार ऐसे अधिकारी जिन्होंने निचले पद पर अर्थात वेतन मैट्रिक्स -10 के लेवल (पूर्व संशोधित, 6वें सीपीसी के अनुसार वेतन बैंड -3, के ग्रेड वेतन रु 5400) में कम से कम पांच वर्ष जन-संपर्क अधिकारी के रूप में कार्यरत है या समतुल्य है कि:

**क.** प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः तीन वर्ष होगी जिसे नियंत्रक प्राधिकारी के अनुमोदन से बहुत से बहुत दो वर्ष की अतिरिक्त अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है। उसी संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की कुल अवधि पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**ख.** प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त उम्मीदवारों को प्रतिनियुक्ति की अवधि के दौरान संवर्ग पद के विरुद्ध पदोन्नति के लिए कोई दावा नहीं होगा।

**ग.** पदधारी के स्थानांतरण, प्रतिनियुक्ति, लंबी बीमारी, अध्ययन अवकाश, या अन्य परिस्थितियों में एक वर्ष या उससे अधिक के लिए दूर रहने के कारण होने वाली रिक्तियों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जा सकता है।

**अनुबंध द्वारा**: उपर्युक्त योग्यता रखने वाले किसी अन्य व्यक्ति, लेकिन प्रतिनियुक्ति के लिए पात्र नहीं होने पर अल्पकालिक अनुबंध पर रखने का विचार किया जाएगा।

3. **<u>कार्य वर्णन</u>** :- चयनित अधिकारी, वार्षिक रिपोर्ट का प्रारूप तैयार करना, वैज्ञानिक सलाहकार समिति रिपोर्ट तैयार करने के लिए वैज्ञानिकों से सन्वयन करना, परियोजना दस्तावेज, वैज्ञानिक अनुसंधान का संचार (केवल भाषा पहलू), जनसंपर्क तथा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण उत्पाद/प्रक्रिया दस्तावेज, जनसंचार से मीडिया के साथ सूचना, पेटेंट का प्रसार करना, सिमपोसिया/सेमिनार कॉनफ्रेंस के आयोजन से संबंधित कार्यों में सहायता देना आदि निदेशक द्वारा समय-समय पर दिए गए कार्यों को करने की जिम्मेदारी चयनित अधिकारी की होगी ।

4. **<u>आयु सीमा तथा कार्यकाल</u>**
**<u>प्रतिनियुक्ति द्वारा</u>**

4.1 आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि को आयु 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए ।
4.2 किसी अन्य पूर्व-संवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की कुल अवधि तुरंत इस नियुक्ति पर जाने या किसी अन्य संगठन में 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

**अनुबंध द्वारा**

4.3 आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि को आयु 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए ।
4.4 आरंभ में अनुबंध एक वर्ष का होगा, कार्यनिष्पादन की वार्षिक समीक्षा के आधार पर अधिकतम तीन वर्ष के लिए विस्तार किया जा सकता है, तीन वर्ष के बाद इसे फिर से विज्ञापित किया जाएगा।

**5. <u>अन्य नियम व शर्तें:-</u>**

5.1 प्रतिनियुक्ति के नियम व शर्तें समय-समय पर लागू प्रतिनियुक्ति के मानक नियमों तथा सरकार द्वारा इस संबंध में जारी समय-समय पर संशोधित अन्य अनुदेशों से शासित होगी ।
5.2 सभी शैक्षिणक तथा व्यवसायिक योग्यता किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से होनी चाहिए।

**6. <u>आवेदन कैसे करें:-</u>**

6.1 रा.प्र.सं/डीबीटी की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप में निधार्रित स्थान पर पासपोर्ट साइस फोटो चिपकाकर, नीचे दिए गए से सभी संबंधित दस्तावेज के साथ आवेदनपत्र पूर्ण रूप से भर कर, लिफाफे पर उपर जन-संपर्क अधिकारी के पद हेतु आवेदन लिखकर निदेशक, राष्ट्रीय प्रतिरक्षाविज्ञान संस्थान, अरूणा आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली-110067 के पते पर भेजा जाएं ।

क. स्वयं सत्यापित प्रतियां जैसे:- आयु प्रमाणपत्र, शैक्षिणिक तथा व्यवसायिक अर्हता, अनुभव प्रमाणपत्र, विकलांगता तथा जाति प्रमाणपत्र (केवल दिव्यांग./अनु.जाति/जनजाति/अ.पि.व.उम्मीदवार होने की स्थिति में) के साथ संलग्न किए जाएं।

ख. नियोक्ता प्रमाणपत्र, पिछले 5 वर्ष की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एपीएआर) की सत्यापित प्रतियां सहित संलग्न की जाए ।

ग. सतर्कता अनापत्ति (यदि लागू हो)

**6.2 <u>आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि:-</u>** रोजगार समाचार में विज्ञापन प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के भीतर आवेदन करना होगा । अंडमान और निकोबार और जम्मू एवं कश्मीर का लक्ष्यद्विप द्विप समूह, उत्तर पूर्वी क्षेत्र (एनईआर), लद्दाख क्षेत्र, तथा हिमाचल प्रदेश का उप-मंडल चम्बा और लाहौल के स्पीती जिलों के उम्मीदवारों के लिए अंतिम तिथि 45 दिन होगी ।

6.3 अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन या एपीएआर/अनापत्ति प्रमाणपत्र पूरा भरा न होने पर/ सर्तकता प्रमाणपत्र उचित माध्यम से नहीं भेजने पर या कार्यालय की मुहर के बिना प्राप्त आवेदन पत्रों को रद्द/अस्वीकार कर दिया जाएगा।

6.4 किसी भी प्रकार की सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा ।

6.5 संस्थान बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन या सभी आवेदनों को पूरी तरह से अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

6.6 विस्तृत विज्ञापन तथा आवेदनपत्र का प्रारूप संस्थान की वेबसाइट अर्थात www.nii.res.in या www.dbtindia.gov.in पर उपलब्ध है तथा विज्ञापन को नेशनल कैरियर सर्विस (एनसीएस) पोर्टल पर भी अपलोड किया गया है ।

**<u>नोट करें :-</u>**

1. अर्हताएं पूरी करने वाली महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

2. ''हिंदी भाषा में कोई विसंगति होने पर अंग्रेजी समाचारपत्र में निहित अंग्रेजी भाषा को अंतिम माना जाएगा''

# राष्ट्रीय प्रतिरक्षाविज्ञान संस्थान
## (जैव प्रौद्योगिकी विभाग का एक स्वायत्त अनुसंधान संस्थान)
## अरूणा आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली-110067

**जन-संपर्क अधिकारी के पद हेतु आवेदन पत्र**

कृपया फोटोग्राफ चिकपाएं

(1) आवेदक का नाम (बड़े अक्षरों में)

..............................................................

(2) पिता/ पति का नाम

..............................................................

(3) जन्म तिथि एवं आयु

..............................................................

(4) लिंग :

..............................................................

(5) डाक पता:

..............................................................

(6) ई- मेल तथा टेलीफोन नं.

..............................................................

(7) स्थायी पता:-

..............................................................

(8) राष्ट्रीयता:

..............................................................

(9) वैवाहिक स्थिति

..............................................................

(10) जाति(अनु.जाति/जनजाति/अ.पि.व./दिव्यां./आ.क.व.).............................
........................

(यदि है तो कृपया प्रमाणपत्र संलग्न करें)

(11) अर्हता विवरण (मैट्रिक्लेशन के बाद से)

| **क्रम सं.** | **उपाधिपत्र** | **बोर्ड/विश्वविद्यालय** | **श्रेणी** | **उत्तीर्ण वर्ष** | **विषय** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

(12) वर्तमान नौकरी तथा पूर्व कार्य अनुभव विवरण (वर्तमान से पहले तक)

| **क्रम सं** | **से** | **तक** | **संगठन का नाम** | **वर्तमान पद** | **वेतनमान** | **कार्य की प्रकृति** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

(13) यदि कोई व्यवसायिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है तो:

......................................................................

(14) वर्तमान वेतन मैट्रिक्स का लेवल तथा आहरण तिथि

......................................................................

कुल परिलब्धियां

......................................................................

(15) तीन व्यक्तियों के नाम **(रिश्तेदार/मित्र न हों)**

एवं पूरा पता ई-मेल,फैक्स और दूरभाष नं. 1

......................................................................

सहित जो आपकी उम्मीदवारी की उपयोगिता 2

......................................................................

पर टिप्पणी कर सकें।

3.......................................................................

(16) **घोषणा**

मैं एतद्द्वारा.................................................. घोषणा करता/करती हूं कि उपरोक्त सभी कथन मेरी पूरी जानकारी और विश्वास में सत्य हैं। मैं समझता/समझती हूं कि किसी भी अवस्था में मेरे द्वारा दी गई सूचना गलत एवं असत्य पाई जाती है तो बिना किसी सूचना के मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त/समाप्त कर दी जाएगी।

.......................................

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

स्थान..........................
दिनांक..........................

# नियोक्ता प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)

1. यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री...........................दिनांक ......................... से ................................इस विभाग में .......................के पद पर स्थाई रूप से कार्य कर रहे हैं ।

2. श्री/सुश्री...................की सत्यनिष्ठा संदेह से परे है।

3. उन्होंने अपना आवेदन पत्र दिनांक................................को कार्यालय में प्रस्तुत किया है और उनका मूल कार्यालय में वेतन मैट्रिक्स के लेवल में रूपये.........................ग्रेड वेतन रू.................. है।

4. यदि,श्री/सुश्री.............................के आवेदन पत्र प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक संविदा आधार पर ............................पद पर नियुक्ति हेतु विचार किया जाता है तो इस कार्यालय को कोई आपत्ति नहीं है । आगे, यह भी प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री..............................को राष्ट्रीय प्रतिरक्षाविज्ञान संस्थान में आवेदित पद पर चयन हो जाता है तो उन्हें शीघ्र ही कार्यमुक्त कर दिया जाएगा ।

5. श्री/सुश्री............................ द्वारा आवदेन प्रपत्र में दी गई जानकारी उसकी सेवा रिकोर्ड से सत्यापित कर लिया है तथा पूर्णत: सत्य है ।

6. पिछले 10 वर्षों से संबंधित अधिकारी के प्रति कोई सर्तकता या अनुशासनात्क प्रकरण लंबित या चालू करने की संभावना नहीं है ।

7. संबंधित अधिकारी की पिछले 5 वर्षों की अद्यतन वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट/वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट रिपोर्ट अर्थात .........................तक संलग्न है।

तिथि:
स्थान :

हस्ताक्षर
कार्यालय/विभागाध्यक्ष
कार्याल की मोहर सहित